संख्या : 71/XIII(II)/2013–03(05)/2010

प्रेषक,

भास्करानन्द,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

मुख्य परियोजना निदेशक,
जलागम प्रबन्ध निदेशालय,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

कृषि एवं विपणन अनुभाग–2 देहरादून : दिनांक : 10 अप्रेल, 2012

विषयः विश्व बैंक सहायतित प्रस्तावित उत्तराखण्ड विकेन्द्रीकृत जलागम विकास परियोजना (UDWDP)-Phase 2 हेतु परियोजना क्षेत्र के चयन हेतु अपनायी गयी प्रक्रिया तथा चयनित क्षेत्र के अनुमोदन के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके पत्र संख्या 1573/11–7(बी)/II दिनांक 13.02.2013 का संदर्भ ग्रहण करें जिसके द्वारा विश्व बैंक सहायतित प्रस्तावित उत्तराखण्ड विकेन्द्रीकृत जलागम विकास परियोजना (UDWDP)-Phase 2 हेतु परियोजना क्षेत्र के चयन हेतु अपनायी गयी प्रक्रिया तथा चयनित क्षेत्र के संबंध में प्रस्ताव उपलब्ध कराते हुए शासन का अनुमोदन प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

तत्क्रम में सम्यक् विचारोपरान्त मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके संदर्भित पत्र द्वारा उपलब्ध कराए प्रस्ताव हेतु श्री राज्यपाल इस प्रतिबन्ध के साथ सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं कि विषयगत प्रस्ताव के संबंध में नियमानुसार समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(भास्करानन्द)
सचिव।